कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
क सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इंद्रावती भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)

क्रमांक 2609 /152/आउशि/सम./2022 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक.23-02-22

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय अग्रणी महाविद्यालय
छत्तीसगढ़

विषय :– **छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम (आवेदन, अपील तथा परिव्यय का भुगतान) नियम– 2011 का कियान्वयन की जानकारी भेजने के संबंध में।**

संदर्भ :– 1.इस कार्यालय पत्र क्रमांक 366/251/आउशि/सम/2020नवारायपुर अटल नगर दिनांक 27.04.2020।
2इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 550/152/आउशि/सम/2020नवारायपुर अटल नगर दिनांक11.07.2020
3.इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 584/152/आउशि/सम/2020नवारायपुर अटल नगर दिनांक10.08.2020

———00———

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा **छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम (आवेदन, अपील तथा परिव्यय का भुगतान) नियम– 2011** में उल्लेखित उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित 09 बिन्दुओं की सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत शासकीय महाविद्यालयों हेतु अधिसूचित किया गया है। उक्त के संबंध में निर्धारित प्रपत्र मे मासिक जानकारी प्रति माह के 05 तारीख तक उच्च शिक्षा संचालनालय को उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के समस्त महाविद्यालय को निर्देश जारी किया गया है, किन्तु महाविद्यालयों द्वारा समय सीमा में जानकारी नही भेजी जा रही है एवं अनेक महाविद्यालयों द्वारा जानकारी ही नही भेजी जाती है, जिससे शासन को समय–सीमा में जानकारी भेजने में कठिनाई होती है और अनावश्यक विलंब भी होता है।

अतएव प्रदेश के समस्त अग्रणी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **अपने जिले के अधीनस्थ शासकीय महाविद्यालयों का दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2021 तक की वार्षिक जानकारी निर्धारित प्रपत्र में महाविद्यालयवार एकजाई कर Excel Sheet में 05 दिवस के भीतर संख्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । साथ ही मासिक जानकारी प्रति माह के 5 तारीख तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।**

जानकारी समय –सीमा में नही भेजने पर संबधित महाविद्यालय के प्राचार्य जिम्मेदार होंगें एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी ।

(आयुक्त,उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)
संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

23.2.2022
अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 2610/152/आउशि/ सम/2022 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 23-02-22

प्रतिलिपि :–

1. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा एवं जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया अपने अधीनस्थ जिसे के समस्त शासकीय महाविद्यालयों की जानकारी पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में सेवावार (09 सेवा) जानकारी एकजाई कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. प्राचार्य समस्त शासकीय महाविद्यालय छ.ग. को सूचनार्थ कि वे अपने महाविद्यालय से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर जिले के अग्रणी महाविद्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

23.2.2022
अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

प्रारुप

लोक सेवा गारंटी अधिनियम कियान्वयन की जानकारी

(दिनांक 01.01.2021 से 31.01.2022 की स्थिति में)

महाविद्यालय का नाम –.....जिला.....

क्रं.	सेवा का नाम	दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2021 तक प्राप्त कुल आवेदन	समय–सीमा में निराकृत आवेदन	लंबित आवेदन	माह जनवरी–22 में प्राप्त आवेदन	समय–सीमा में निराकृत आवेदन	लंबित आवेदन	कुल लंबित आवेदन
1	2	3	4	5	6	7	8	(5+8)
1	रिफण्ड का भुगतान							
2	प्रवेश के आवेदन							
3	छात्रवृत्ति स्वीकृति							
4	छात्रवृत्ति भुगतान							
5	पुस्तकों का प्रदाय							
6	टी.सी.							
7	परिचय पत्र							
8	छात्रावास में प्रवेश							
9	मार्कशीट / चरित्र प्रमाण पत्र का वितरण							
कुल संख्या								

नोट – निर्धारित प्रपत्र में जानकारी महाविद्यालयवार पृथक–पृथक केवल संख्यात्मक जानकारी भेंजे।

प्राचार्य का हस्ताक्षर